के मार्गदर्शन में समारोह संपन्न हुआ.

कलमना थाने में साइबर जागरूकता सत्र



सत्र में उपस्थित पुलिस अधिकारी, कर्मचारी व अन्य.

नागपुर : सरकारी फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान, नागपुर और क्विक हील फाउंडेशन द्वारा कलमना पुलिस थाने में साइबर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया. इसका उद्देश्य बढ़ते साइबर अपराधों के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा व डिजिटल धोखाधड़ी के प्रति जागरूक करना था. कार्यक्रम का मार्गदर्शन हरीश गिरी और योगिता राठोड़ ने किया. सत्र में ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, संदिग्ध लिंक व संदेश, ओटीपी और पासवर्ड की सुरक्षा, सोशल मीडिया अकाउंट की सुरक्षा, फर्जी कॉल, व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा तथा डिजिटल लेनदेन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई. साइबर अपराधों की रोकथाम और जांच के साथ नागरिकों में जागरूकता फैलाने के लिए पुलिसकर्मियों का स्वयं साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी से अपडेट रहना जरूरी है, यह बात सत्र में सामने आई. कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों ने जागरूकता पोस्टर व सूचना सामग्री के साथ सहभागिता दर्ज कराई.